हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, गुरुवार 15 अक्टूबर 2026

कई राज्यों में छत्तीसगढ़ से अधिक महंगाई

राज्यवार आंकड़ों के अनुसार, सितंबर में तमिलनाडु में महंगाई दर 6.81 प्रतिशत, ओडिशा में 6.70 प्रतिशत और मध्यप्रदेश में 6.68 प्रतिशत रही। तेलंगाना में यह 6.64 प्रतिशत और आंध्रप्रदेश में 6.29 प्रतिशत दर्ज की गई। इन सभी राज्यों की महंगाई दर छत्तीसगढ़ से अधिक रही। इसके विपरीत, मिजोरम में महंगाई दर 2.85 प्रतिशत, नागालैंड में 3.22 प्रतिशत और मेघालय में 3.59 प्रतिशत रही। छत्तीसगढ़ की 5 प्रतिशत महंगाई दर राष्ट्रीय औसत से कम होने के साथ कई राज्यों की दर से भी नीचे रही।

राज्यों की महंगाई दर

सितंबर-2026

संयुक्त (ग्रामीण + शहरी) खुदरा महंगाई दर, प्रतिशत में। सूची अधिक से कम दर के क्रम में है।

राज्य	महंगाई दर-
तमिलनाडु	6.81%
ओडिशा	6.70%
मध्य प्रदेश	6.68%
तेलंगाना	6.64%
आंध्रप्रदेश	6.29%
उत्तरप्रदेश	6.08%
कर्नाटक	5.86%
राजस्थान	5.71%
बिहार	5.48%
उत्तराखंड	5.47%
केरल	5.26%
पंजाब	5.27%
महाराष्ट्र	5.18%
गुजरात	5.11%
मणिपुर	5.10%
झारखंड	5.02%
छत्तीसगढ़	5.00%
सिक्किम	4.83%
असम	4.62%
हरियाणा	4.37%
हिमाचल प्रदेश	4.02%
पश्चिम बंगाल	4.04%
त्रिपुरा	3.96%
गोवा	3.92%
अरुणाचल प्रदेश	3.70%
मेघालय	3.59%
नागालैंड	3.22%
मिजोरम	2.85%

राष्ट्रीय औसत 5.54%। सभी दरें अनंतिम हैं।

राज्यों में तमिलनाडु, ओडिशा और मध्यप्रदेश में अधिक रही महंगाई


सितंबर में देश की खुदरा महंगाई 5.54% पर पहुंची, छत्तीसगढ़ में 5%

हाय महंगाई...छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय औसत से कम, पर कई राज्यों से अधिक, इसमें भी गांवों पर ज्यादा असर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

अलग खबर

देश में इस समय महंगाई बढ़ने को लेकर शोर-शराबा और बेचैनी है तथा इससे सभी वर्ग प्रभावित हुए हैं। देश में खुदरा महंगाई दर सितंबर 2026 में बढ़कर 5.54 प्रतिशत हो गई। अगस्त में यह 4.83 प्रतिशत थी। इस दौरान छत्तीसगढ़ में भी महंगाई दर बढ़ी, लेकिन सितंबर में यह 5 प्रतिशत रही, जो राष्ट्रीय औसत से 0.54 प्रतिशत अंक कम है। केंद्र सरकार की ओर से जारी उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के आंकड़ों में यह जानकारी सामने आई है, लेकिन इसमें दिलचस्प और गंभीर ये है कि छत्तीसगढ़ में शहरों ⏭शेष पेज 8 पर



ग्रामीण क्षेत्रों में ज्यादा महंगाई

छत्तीसगढ़ में ग्रामीण महंगाई दर शहरी क्षेत्रों से 1.64 प्रतिशत अंक अधिक रही। अगस्त में ग्रामीण महंगाई दर 4.12 प्रतिशत और शहरी महंगाई दर 3.14 प्रतिशत थी। सितंबर में दोनों क्षेत्रों में महंगाई बढ़ी, लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में वृद्धि अधिक रही। देश में खाद्य महंगाई दर भी अगस्त के 5.97 प्रतिशत से बढ़कर सितंबर में 7.74 प्रतिशत हो गई। हालांकि, यह राष्ट्रीय स्तर का आंकड़ा है। इससे छत्तीसगढ़ में खाद्य महंगाई की दर का सीधे अनुमान नहीं लगाया जा सकता। सितंबर के आंकड़े अनंतिम हैं। ये आंकड़े उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के आधार पर पिछले वर्ष के इसी महीने की तुलना में कीमतों में बदलाव को दर्शाते हैं। इसीलिए महंगाई दर का अर्थ यह नहीं है कि सभी वस्तुओं की कीमतें समान अनुपात में बढ़ी हैं।

केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में कई निर्णय, कुछ योजनाओं का बदला नाम

रेलवे कर्मियों को दिवाली का बड़ा तोहफा, मिलेगा 78 दिन का बोनस

केंद्रीय कैबिनेट ने बुधवार को तीन बड़े फैसलों का ऐलान किया। इन फैसलों में रेलवे कर्मचारियों को सरकार ने त्योहारों से पहले बड़ी सौगात दी है। कैबिनेट ने लगभग 11,40,770 रेलवे कर्मचारियों के लिए प्रदर्शन-आधारित बोनस को मंजूरी दी है। यह बोनस 78 दिनों के वेतन के बराबर होगा। इसके अलावा कैबिनेट ने आईडीबीआई बैंक में सरकार और भारतीय जीवन बीमा निगम की कुल 60.72 प्रतिशत रणनीतिक हिस्सेदारी बेचने के प्रस्ताव को अपनी मंजूरी दे दी है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 11,40,770 रेल कर्मचारियों को 78 दिन के उत्पादकता आधारित बोनस के भुगतान को मंजूरी दी है। सरकार ने बुधवार को बताया कि कर्मचारियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए दिए जाने वाले इस बोनस पर 2,009.61 करोड़ रुपये खर्च होंगे। पात्र रेल कर्मचारियों को उत्पादकता आधारित बोनस (पीएलबी) का भुगतान हर साल 'दुर्गा पूजा' और 'दशहरा' की छुट्टियों से पहले किया जाता है। सरकार ने कहा, इस साल भी करीब 11.40 लाख गैर-राजपत्रित रेल कर्मचारियों को 78 दिन के वेतन के बराबर पीएलबी दिया जा रहा है। यह बोनस रेल ⏭शेष पेज 8 पर

देशभर के करीब 11.40 लाख रेल कर्मियों को मिलेगा फायदा



योजनाओं से हटा इंदिरा गांधी का नाम

सरकार ने तीन पेंशन योजनाओं से इंदिरा गांधी का नाम हटाकर उनमें प्रधानमंत्री शब्द जोड़ने का फैसला किया है। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना और इंदिरा गांधी राष्ट्रीय दिव्यांग पेंशन योजना का नाम बदल गया।

आईडीबीआई बैंक में 60.72 फीसदी हिस्सेदारी बेचेगी सरकार

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने आईडीबीआई बैंक में 60.72 प्रतिशत हिस्सेदारी फेयरफैक्स फाइनेंशियल होल्डिंग्स लिमिटेड को 52,878.08 करोड़ रुपए में बेचने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। एयर इंडिया की बिक्री के बाद यह देश का सबसे बड़ा रणनीतिक विनिवेश है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता वाली मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति की बैठक में यह निर्णय किया गया। यह फैसला पांच साल से अधिक समय से चल रही विनिवेश प्रक्रिया को पूरा करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। सरकार ने बयान में कहा, ⏭ शेष पेज 8 पर

पांच मैनपावर कंपनियों को किया गया अतिरिक्त भुगतान

183 करोड़ का घोटाला, त्रिपाठी समेत दो के खिलाफ चालान पेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



एपी त्रिपाठी



बीआर लोहिया

खास खबर

सीएसएमसीएल के 182.98 करोड़ रुपए के मैनपावर भुगतान घोटाले में सीएसएमसीएल के तत्कालीन एमडी अरुणपति त्रिपाठी तथा मैनपावर एजेंसी बीआर लोहिया के खिलाफ ईओडब्लू, एसीबी की स्पेशल कोर्ट में बुधवार को पूरक चालान पेश किया गया। लोहिया की फरारी में चालान पेश किया गया है। शासकीय शराब दुकानों के कर्मचारियों के नाम पर पांच मैनपावर एजेंसियों को अतिरिक्त भुगतान करने का आरोप है। एपी त्रिपाठी न्यायिक रिमांड पर जेल में बंद है। पूरक चालान पेश करते हुए जांच एजेंसी ने कोर्ट को बताया है कि शासकीय शराब दुकानों के कर्मचारियों के नाम पर मैनपावर एजेंसियों को अतिरिक्त भुगतान कराने और कर्मचारियों को राशि दिए बिना उसका हिस्सा कमीशन

इन पांच कंपनियों को अतिरिक्त भुगतान

शराब दुकानों में मैनपावर उपलब्ध कराने के लिए एजेंसी सुमीत फैसिलिटीज लिमिटेड, प्राइमवन वर्कफोर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-टू-जेड इन्फ्रासर्विसेस लिमिटेड, अलर्ट कमांडोज प्राइवेट लिमिटेड और ईगल हंटर सॉल्यूशन लिमिटेड को वर्ष 2019 में दिया गया था। सेवा शर्तों के मुताबिक कर्मचारियों को नियमित वेतन के अलावा ओवरटाइम, बोनस और चार अतिरिक्त दिनों के कार्य के भुगतान का प्रावधान किया गया। एजेंसियों को पहले यह रकम कर्मचारियों को देनी थी और उसके बाद सीएसएमसीएल से उसका भुगतान प्राप्त करना था। इसके विपरीत एजेंसियों ने कर्मचारियों को रकम दिए बिना अथवा वास्तविक भुगतान से अधिक रकम दिखाकर देयक प्रस्तुत किए और सीएसएमसीएल से भुगतान प्राप्त किया।



15 अक्टूबर

जीवेत् शरदः शतम्

छत्तीसगढ़ की विकास यात्रा को गति देने वाले, जनसेवा को प्राथमिकता देने वाले एवं लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति प्रतिबद्ध

माननीय डॉ. रमन सिंह जी (अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ विधानसभा) एवं
माननीय तोखन साहू जी (केंद्रीय राज्य मंत्री, भारत सरकार) को
जन्मदिवस पर कोटिशः बधाई एवं शुभकामनाएँ

आपके जीवन का प्रत्येक वर्ष नई उपलब्धियों, जनकल्याण के कार्यों और राष्ट्रसेवा के प्रेरक अवसरों से परिपूर्ण हो।

चंदन अग्रवाल
पूर्व प्रदेश कोषाध्यक्ष-राइस मिल एसोसिएशन छत्तीसगढ़
युवा समाजसेवी एवं भाजपा कार्यकर्ता

बसंत अग्रवाल
युवा समाजसेवी एवं भाजपा कार्यकर्ता

विनीत : प्रदेश भाजपा संगठन के समस्त भाजपा कार्यकर्ता

तापमान

अधिकतम 44.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
कोरबा भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 15 अक्टूबर 2026

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4

आवागमन सुरक्षित और सुगम बनाने के लिए कलेक्टर ने किया सड़कों-पुलों का निरीक्षण



खबर संक्षेप

कोयला खदानों में कार्यरत श्रमिकों के वेतन में हुई बढ़ोतरी

कोरबा। कोयला खदानों में खनन कार्य पर नियोजित ठेका श्रमिकों के परिवर्तनशील महंगाई भत्ते में संशोधन करते हुए मजदूरी दरों में बढ़ोतरी का आदेश जारी किया है। यह संशोधन 1 अक्टूबर 2026 से 31 मार्च 2027 तक 6 महीने की अवधि के लिए प्रभावी रहेगा। कोल इंडिया के मानव संसाधन एवं औद्योगिक संबंध विभाग द्वारा जारी इस आदेश के अनुसार औद्योगिक श्रमिकों के लिए औसत मूल्य सूचकांक बढ़कर 431.42 हो गया है। इसी आधार पर ठेका श्रमिकों की दैनिक मजदूरी की दरों में इजाफा करने का फैसला लिया गया है। श्रेणीवार रोजाना की मजदूरी में अकुशल मूल वेतन 1176 रुपये से बढ़ाकर 1341 रुपये प्रतिदिन कर दिया गया है, अर्द्ध कुशल/ अकुशल पर्यवेक्षी मूल वेतन 1206 रुपये से बढ़ाकर 1375 रुपये प्रतिदिन किया गया है, कुशल मूल वेतन 1236 रुपये से बढ़ाकर 1409 रुपये प्रतिदिन कर दिया गया है। उच्च कुशल मूल वेतन 1266 रुपये से बढ़ाकर 1443 रुपये प्रतिदिन करने का आदेश जारी किया गया है। यह आदेश एसईसीएल सहित कोलइंडिया के अन्य अनुषंगी कंपनियों में तत्काल प्रभाव से लागू किया गया है।

अटल चौक पाली के पास सार्वजनिक शौचालय की दरकार

पाली। पाली नगर पंचायत क्षेत्र में नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने और स्वच्छता व्यवस्था को मजबूत करने की आवश्यकता के बीच अटल चौक के पास दक्षिण दिशा में सार्वजनिक शौचालय निर्माण का मुद्दा महत्वपूर्ण है। सार्वजनिक स्थानों पर शौचालय जैसी बुनियादी सुविधा उपलब्ध होना किसी भी नगर की आवश्यक जरूरतों में शामिल है। बाजार, चौक-चौराहों और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर आने-जाने वाले लोगों को यदि उचित शौचालय की सुविधा नहीं मिलती, तो उन्हें दैनिक जरूरतों के लिए परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। अटल चौक पाली के प्रमुख पहचान वाले स्थानों में से एक है। ऐसे स्थानों के आसपास साफ-सफाई, पेयजल, शौचालय और अन्य आवश्यक नागरिक सुविधाओं की उपलब्धता पर ध्यान देना जरूरी है।

आम सूचना

सर्व साधारण को इस आम सूचना के जरिये सूचित किया जाता है कि मेरे आसामी सत्या वेंचर्स प्रायवेट लिमिटेड, पता- प्लॉट नं. 52, सेक्टर "सी" इंडस्ट्रीयल एरिया, सिरगिट्टी बिलासपुर (छ.ग.) 495004 की ओर से डायरेक्टर- श्री प्रमोद कुमार खेड़िया आत्मज श्री चुन्नीलाल खेड़िया ने विक्रेता/ खातेदार, श्री विजय कुमार बुधिया, उम्र 64 वर्ष, पिता श्री श्याम सुन्दर बुधिया, जाति अग्रवाल, पेशा-व्यवसाय, निवासी ए.एल.-1, शिव शिवा मंदिर मार्ग अग्रोहा सोसायइटी के पास, मां शारदा अस्पताल के पास रायपुरा, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) पिन-492013 के एकल भूमि स्वामी हक की मौजा ग्राम उच्चभट्ठी, पहनं. 01, रा.नि.मं. चाम्पा, तहसील -चाम्पा जिला-जांजगीर-चाम्पा (छ.ग.) चांपा कोरबा रोड से 50 मीटर के बाद स्थित परिवर्तीत भूमि ख.नं. 232/9 (शामिल खसरा 232/11, 232/12, 232/13) के संम्पूर्ण रकबा 5.109 हेक्टेयर में से बिक्रित रकबा 0.915 हेक्टेयर /2.26 एकड भूमि जिसकी चतुर्दिक सीमा उत्तर में सुगंधा सीटी जाने का रास्ता, दक्षिण में - वर्षा बगडिया की भूमि. पूर्व में सत्या वेंचर्स प्रा.लि. की भूमि पश्चिम में वर्षा बगडिया, कैलाशचंद की भूमि और तालाब है, को क्रय करने का पक्का सौदा तय कर बयाना की संपूर्ण राशि विक्रेता को अदा कर दिया गया है, वर्तमान में मेरे पक्षकार के पक्ष में उक्त वर्णित अचल सम्पत्ति के हस्तांतरण एवं पंजीयन विलेख के निष्पादन की विधिक प्रक्रिया प्रचलन में हैं निकट भविष्य मे उक्त वर्णित भूमि का पंजीयन कराया जाना है।

अतः उपरोक्त वर्णित सम्पत्ति के स्वत्व व अंतरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/ संयुक्त परिवार / संस्था / शासकीय/ अशासकीय बैंक/ निकाय/ विभाग इत्यादि को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति या भार हो तो अपना उजर दावा, आपत्ति इस ईश्तहार/ आमसूचना प्रकाशन दिनांक के 15 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति/दावा के समर्थन में मूल विधिक दस्तावेजो के साथ मेरे अथवा मेरे पक्षकार के उपरोक्त दर्शित पते पर/कार्यालय में अपना दावा आपत्ति कार्यालय समय में आकर प्रस्तुत कर सकते है, 15 दिवस पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जाएगा और मेरा पक्षकार उपरोक्त वर्णित भूमि को अपने पक्ष में पंजीयन विलेख का निष्पादन कराने के लिए स्वतंत्र होगा। तत्पश्चात प्रस्तुत दावा आपत्ति शून्य व अवैध होने से मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नही होगी। सो सूचना जाने।

स्थान :- कोरबा
दिनांक :- 14.10.2026
संजय शाह (अधिवक्ता)
जिला एवं सत्र न्यायालय कोरबा (छ.ग.)
मो.नं. 7000697223

एसईसीएल कर्मचारियों को उच्च शिक्षा की अनुमति पर ड्यूटी के दौरान ऑनलाइन क्लास पर रोक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल के कर्मचारियों के लिए नौकरी के साथ उच्च शिक्षा हासिल करने का अवसर उपलब्ध है, लेकिन इसके लिए प्रबंधन द्वारा निर्धारित नियमों और शर्तों का पालन करना अनिवार्य होगा। कंपनी ने स्पष्ट किया है कि कर्मचारी ड्यूटी के दौरान ऑनलाइन कक्षाओं में शामिल नहीं हो सकेंगे। इसके अलावा, कोल कंपनी के आईटी संसाधनों का उपयोग व्यक्तिगत शैक्षणिक गतिविधियों के लिए भी नहीं किया जा सकेगा। कर्मचारियों को ऑनलाइन पढ़ाई, लेक्चर, असाइनमेंट और अन्य शैक्षणिक कार्य अपनी निर्धारित ड्यूटी शिफ्ट के बाहर ही पूरे करने होंगे।

एसईसीएल प्रबंधन ने कर्मचारियों को उच्च शिक्षा हासिल करने की अनुमति से संबंधित पूर्व में जारी आदेश में संशोधन करते हुए नए प्रावधान जोड़े हैं। सक्षम अधिकारी की मंजूरी के बाद लागू होने वाले इन प्रावधानों का उद्देश्य कर्मचारियों को कौशल विकास और शैक्षणिक उन्नति के अवसर उपलब्ध कराने के साथ ही कंपनी के नियमित कामकाज और उत्पादन गतिविधियों को प्रभावित होने से बचाना है। नए नियमों के अनुसार यदि कोई कर्मचारी अपनी ड्यूटी शिफ्ट के दौरान उच्च शिक्षा पाठ्यक्रम की पढ़ाई के लिए समय चाहता है तो उसे निर्धारित प्रक्रिया के तहत अनुमति लेनी होगी। ऐसे मामलों में अवकाश की स्वीकृति प्रबंधन की मंजूरी और कंपनी की परिचालन संबंधी आवश्यकताओं पर निर्भर करेगी। नियमित रूप से पार्ट-टाइम पाठ्यक्रम की कक्षाओं में शामिल होने वाले कर्मचारियों को भी निर्धारित शर्तों के अधीन शिफ्ट समायोजन की सुविधा दी जा सकती है। प्रबंधन ने स्पष्ट किया है कि परिचालन संबंधी जरूरतों को ध्यान में रखते हुए आपसी सहमति से कर्मचारियों की शिफ्ट में बदलाव किया जा सकता है। इसके अलावा, पाठ्यक्रम की अवधि ⏭ शेष पेज 4 पर

एसईसीएल प्रबंधन ने पूर्व में जारी आदेश में किया संशोधन



पदोन्नति के मामलों में नियमानुसार ही होगा निर्णय

एसईसीएल के इन प्रावधानों में यह भी स्पष्ट किया गया है कि कौशल विकास के उद्देश्य से उच्च शिक्षा हासिल करने की अनुमति मिलने का अर्थ यह नहीं होगा कि संबंधित डिग्री या शैक्षणिक योग्यता को भविष्य में पदोन्नति अथवा चयन प्रक्रिया में स्वतः मान्यता मिल जाएगी। पदोन्नति और चयन के मामलों में कंपनी के लागू नियमों के अनुसार ही निर्णय लिया जाएगा। इन नियमों के माध्यम से एसईसीएल ने कर्मचारियों के लिए उच्च शिक्षा के अवसरों और कंपनी की कार्य संबंधी जिम्मेदारियों के बीच संतुलन बनाए रखने पर जोर दिया है। ऐसे में नौकरी के साथ पढ़ाई करने की योजना बना रहे कर्मचारियों को प्रवेश लेने से पहले निर्धारित प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेजों और सक्षम अधिकारी की मंजूरी से संबंधित प्रावधानों की जानकारी लेना जरूरी होगा।

लापरवाही बरतने वाले कंपनी पर एनएचएआई प्रबंधन ने ठोका 10 लाख का जुर्माना

सड़क की व्यवस्था देखने वाली कंपनी के पास ना ड्रायवर था ना ही क्रेन में ईंधन, घंटों लगा था जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दो दिनों पूर्व कटघोरा अंबिकापुर नेशनल हाईवे में दो ट्रेलरों के बीच भिड़त हो गई थी जिसकी वजह से यातायात घंटों बाधित रही और सड़क की व्यवस्था देखने वाली कंपनी ने जाम को हटाने की दिशा पर कोई ठोस पहल नहीं की थी और उक्त कंपनी के पास खड़ी क्रेन में ना ही ईंधन था और ना ही मौके पर ड्रायवर उपलब्ध था। एनएचएआई ने मामला सामने आने पर सड़क की व्यवस्था देखने वाले एजेंसी मेसर्स रविंद्र सिंह आनंद नामक कंपनी को 10 लाख रुपए का जुर्माना ठोका है।

खास बात

- 12 अक्टूबर को कटघोरा-अंबिकापुर मुख्य मार्ग पर हुआ था हादसा

राष्ट्रीय राजमार्ग-130 पर यात्रियों और वाहन चालकों की सुरक्षा में कोताही बरतने वाली एजेंसियों के खिलाफ भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने सख्त रुख अख्तियार किया है। कटघोरा-अंबिकापुर खंड पर सड़क दुर्घटना के दौरान राहत एवं बचाव कार्य में भारी लापरवाही बरतने पर संबंधित एजेंसी पर 10 लाख रुपये का जुर्माना (पेनल्टी) लगाया गया है। 12 अक्टूबर को तड़के करीब 3 बजे चोटिया टोल प्लाजा के पास दो भारी ट्रक-ट्रेलरों की आपस में जोरदार भिड़ंत हो गई थी। इस भीषण हादसे के बाद दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को सड़क से हटाने और यातायात सुचारू करने में लंबी देरी हुई, जिसके चलते राजमार्ग पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और लंबा जाम लग गया। ना क्रेन, ना फ्यूल, न जिम्मेदार अधिकारी। घटना के बाद एनएचएआई द्वारा मामले की गंभीरता से जांच कराई गई। जांच में कई चौंकाने वाले खुलासे हुए। मौके पर क्रेन ऑपरेटर की अनुपलब्धता और रिकवरी वाहनों में पर्याप्त ईंधन न होने के कारण समय पर राहत कार्य शुरू नहीं हो सका। यात्रियों और प्रत्यक्षदर्शियों द्वारा 1033 राष्ट्रीय राजमार्ग हेल्पलाइन पर लगातार सूचना देने के बावजूद समय पर आवश्यक सहायता और मशीनरी मौके पर नहीं पहुंचाई जा सकी। एनएचएआई ने मामले की गंभीरता लेते हुए कंपनी पर 10 लाख का पेनाल्टी ठोका है।



हादसे के बाद इस तरह हाइवे पर लगा था जाम।

एनएचएआई की लापरवाही, पुलिस ने किया परिवाद दायर

बांगो थाना क्षेत्र अंतर्गत 12 अक्टूबर की देर रात लगभग 3 बजे मदनपुर घाट नेशनल हाईवे 130 में हुए हादसे के बाद पुलिस ने एनएचएआई को सूचना दी थी लेकिन त्वरित रिस्पांस प्राप्त नहीं हुआ, ना ही निराकरणप्रद कोई भी कदम उठाया गया तथा लगातार कई घण्टे जाम में फंसे यात्री परेशान होते रहे थाना एवं चौकी का पुलिस बल, हाईवे पेट्रोलिंग, 112 के साथ मिलकर समाधान का प्रयास करते रहे, इस तरह एनएचएआई के अधिकारियों द्वारा अपने उत्तरदायित्व के प्रति उदासीनता बरतकर लोक सेवक के कर्तव्य के निष्पादन में सहायता ना कर लोप किया गया, तत्संबंध में एनएचएआई के विरूद्ध धारा 222 ए बीएनएस के तहत परिवाद माननीय न्यायालय कटघोरा में दायर किया गया है तथा आगे भी एनएचएआई की तरह अन्य लोक सेवक को सहायता न करने वाली एजेंसियों के विरूद्ध कार्यवाही किया जाएगा।

खनिज विभाग ने की कार्रवाई, रेत का अवैध परिवहन करने पर 10 वाहन जब्त



जब्त ट्रैक्टर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देश पर जिले में अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत खनिज उड़नदस्ता दलों ने विभिन्न स्थानों पर जांच कर अवैध खनिज परिवहन में संलिप्त कुल 10 वाहनों को जब्त किया है। कोटमर्रा में रेत का अवैध भंडारण पाए जाने पर उसे भी जब्त किया गया।

खनिज विभाग के अनुसार, पाली में रेत और ईंट का अवैध परिवहन करते 4 ट्रैक्टर, हरदीबाजार में रेत और ईंट का परिवहन करते 3 ट्रैक्टर तथा गिट्टी का परिवहन करते 1 हाइवा पकड़ा गया। दीपका में गिट्टी का अवैध परिवहन करते 1 ट्रेलर और उरगा में रेत का परिवहन करते 1 ट्रैक्टर पर कार्रवाई की गई। जब्त वाहनों को हरदीबाजार, दीपका और पाली थानों तथा हरदीबाजार खनिज जांच चौकी की अभिरक्षा में रखा गया है। प्रकरणों में आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। खनिज विभाग ने बताया कि अभियान का उद्देश्य अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना, प्राकृतिक संसाधनों की सुरक्षा करना तथा शासकीय राजस्व की हानि रोकना है। नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध खान एवं खनिज अधिनियम, छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम और अन्य वैधानिक प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जाएगी। विभाग ने स्पष्ट किया है कि अवैध खनिज गतिविधियों के विरुद्ध यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

प्रभु श्रीराम की भक्ति, मर्यादा व आदर्शों से जन-जन को जोड़ने का संकल्प : लखन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बीते वर्ष की तरह इस वर्ष भी घंटाघर स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर ओपन थिएटर में 15 से 20 अक्टूबर तक आयोजित होने वाली भव्य रामलीला एवं दशहरा उत्सव का आयोजन किया जाएगा। जिसमें प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा रामलीला का मंचन किया जाएगा।

- रामलीला आयोजन को लेकर आयोजित की गई पत्रकारवार्ता

उक्त बातें उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन व महापौर संजू देवी राजपूत ने रामलीला व दशहरा उत्सव आयोजन को लेकर पंचवटी में आयोजित पत्रकारवार्ता के दौरान कही। इस दौरान रामलीला आयोजन की रूपरेखा, कार्यक्रम की तैयारियों और आयोजन के उद्देश्यों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी साझा की गई। यह आयोजन हमारी समृद्ध भारतीय संस्कृति, धार्मिक परंपराओं तथा मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम के आदर्शों को जन-जन तक पहुँचाने का एक महत्वपूर्ण माध्यम बनेगा। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष गोपाल मोदी, रायपुर संभाग सह प्रभारी डॉ राजीव सिंह, उपाध्यक्ष प्रफुल्ल तिवारी, श्रीमती रुक्मणि नायर, सभापति नूतन सिंह ठाकुर, मंडल अध्यक्ष योगेश मिश्रा, एमआईसी सदस्य हितानंद अग्रवाल, नरेंद्र देवांगन, मुकुंद सिंह कंवर, श्रीमती ममता यादव, सरोज शांडिल्य, श्रीमती चंद्रकली जायसवाल, पार्षद राकेश वर्मा, पंकज देवांगन, सुशील गर्ग,आरिफ खान, राकेश नागरमल, निगम उपायुक्त पवन वर्मा, अखिलेश शुक्ला, सचिव रामेश्वर कंवर सहित पदाधिकारीगण, नगर निगम के अधिकारी कर्मचारीगण सहित अन्य उपस्थित रहे।



मीडिया से चर्चा करते उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन व अन्य।

सिरकी चौक बतारी पर जल्द लगे हाई मास्ट लाइट

दीपका। नगर पालिका परिषद दीपका के पार्षद एवं पीआईसी मेंबर अरुणीश तिवारी ने एसईसीएल दीपका क्षेत्र के महाप्रबंधक को पत्र लिखकर पाली रोड स्थित व्यस्त 'सिरकी चौक' पर तत्काल 'हाई मास्ट लाइट' लगवाने की मांग की है। पार्षद अरुणीश तिवारी ने जनहित के इस मुद्दे को उठाते हुए एसईसीएल प्रबंधन को अवगत कराया है कि सिरकी चौक से प्रतिदिन भारी संख्या में आम नागरिकों, राहगीरों और कोयला खदानों में लगे भारी वाहनों का आना-जाना होता है। इस प्रमुख मार्ग पर रात्रि के समय प्रकाश की पर्याप्त व्यवस्था न होने के कारण लगातार गंभीर समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। अरुणीश तिवारी ने चिंता व्यक्त करते हुए बताया कि अंधेरे के कारण इस मार्ग पर दृश्यता बहुत कम हो जाती है, जिससे रात के समय भारी और छोटे वाहनों के बीच अक्सर जानलेवा दुर्घटनाएं घटित हो रही हैं। इसके अलावा, प्रकाश और यातायात नियंत्रण के अभाव में इस चौक पर आए दिन भीषण जाम की स्थिति भी बनी रहती है, जिससे राहगीरों को भारी मानसिक व शारीरिक परेशानी उठानी पड़ती है। पार्षद अरुणीश तिवारी ने एसईसीएल प्रबंधन के सीएसआर और जनहितकारी योगदान का हवाला देते हुए आग्रह किया है कि नागरिकों और राहगीरों की जान-माल की सुरक्षा को सर्वोपरि रखते हुए सिरकी चौक पर अविलंब 'हाई मास्ट लाइट' स्थापित की जाए।

मुर्गी चोरी के विवाद में दो पड़ोसियों में विवाद, अधेड़ की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पाली थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम जमनीमुड़ा नुनेरा में मुर्गी चोरी को लेकर हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। विवाद के दौरान एक अधेड़ व्यक्ति पर ईंट से ताबड़तोड़ हमला कर उसकी हत्या कर दी गई। घटना बीती रात करीब 11 बजे की बताई जा रही है। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। जबकि इस मामले में आरोपी के बेटों का नाम भी सामने आ रहा जिसमें पुलिस मामले की जांच कर रही है। जांच के बाद ही खुलासा हो पाएगा कि वारदात में कौन कौन शामिल हे।



आरोपी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जमनीमुड़ा नुनेरा निवासी खुशहाल सिंह कंवर मुर्गी चोरी को लेकर उसके पड़ोसी नारायण कंवर के साथ विवाद हुआ था। देखते ही देखते कहासुनी बढ़ गई और मामला मारपीट तक पहुंच गया। इसी दौरान आवेश में आकर नारायण कंवर ने पास में रखी ईंट से खुशहाल सिंह पर हमला कर दिया। हमले में गंभीर चोट लगने के कारण खुशहाल सिंह की मौत हो गई। घटना के बाद गांव में हडक़ंप मच गया। वारदात की सूचना पर पाली पुलिस थाना प्रभारी मनोज कौशिक के साथ विभागीय अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक पंचनामा कार्रवाई की और घटना से जुड़े तथ्यों की जानकारी जुटाई।








दो पान ढुकानों में अज्ञात चोरों ने बोला धावा, हजारों का माल पार

कोरबा। बालको थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले व्यस्ततम इलाके ध्यानचंद चौक के समीप संचालित दो पान दुकानों को अज्ञात चोरों ने मंगलवार की रात निशाना बनाया है। चोरों ने दुकानों के ताले तोड़कर वहां रखे कीमती सामान और नकदी की चोरी कर ली। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय दुकानदारों में हड़कंप मच गया और पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। ध्यानचंद चौक के पास स्थित इन दोनों पान दुकानों के संचालक रोज की तरह रात को अपनी दुकानें बंद कर अपने घर गए हुए थे। अगली सुबह जब दुकान पहुंचे तो उन्होंने शटर का ताला टूटा हुआ पाया और अंदर का सामान बिखरा हुआ था। दुकान के गल्ले में रखे पैसे और अन्य कीमती सामान गायब थे। घटना की सूचना तुरंत बालको थाना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस बल मौके पर पहुंचा और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं ताकि आरोपियों की पहचान की जा सके। पुलिस का कहना है कि जल्द ही चोरों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।



खबर संक्षेप



सर्वमंगला नगर जोन में आयोजित हुआ सरकार आपके द्वार शिविर

कोरबा। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत नगर निगम के सभी जोनों में आयोजित सरकार आपके द्वार शिविरों की अंतिम कड़ी में सर्वमंगला नगर जोन कार्यालय में शिविर आयोजित किया गया। उद्योग व उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन तथा महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत अध्यक्षता में शामिल हुईं। शिविर में आम नागरिकों की समस्याओं का मौके पर निराकरण किया गया और पात्र हितग्राहियों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया गया। शिविर में नगर निगम, खाद्य, कौशल विकास, क्रेडा, महिला एवं बाल विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, श्रम, परिवहन, राजस्व, विद्युत, आदिवासी विकास, समाज कल्याण, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, पुलिस, वाणिज्य एवं उद्योग, आधार पंजीयन सहित विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए गए। मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना के मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से नागरिकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा आवश्यकतानुसार लैब जांच और दवाइयां उपलब्ध कराई गईं।

स्थानीय भाषा के साथ अंग्रेजी शिक्षा जरूरी : नूतन

कोरबा। चोरभट्ठी गांव के प्राथमिक शाला पहुंचकर नगर निगम कोरबा सभापति नूतनसिंह ठाकुर ने छोटे बच्चों से मिलकर उनको प्रोत्साहित किया। शासकीय स्कूल के प्रतिभाशाली बच्चों को सम्मानित कर उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा देने के उद्देश्य से चालू किए गए चालू मुहिम सभापति की पाठशाला में शासकीय प्राथमिक शाला चोरभट्ठी में निगम सभापति नूतनसिंह ठाकुर ने बच्चों से मिलकर सवाल जवाब किया। सभापति नूतनसिंह ठाकुर के साथ एमआईसी सदस्य किशनलाल केवर्त, क्षेत्रीय पार्षद श्रीमती सम्मत कंवर, रतन सिंह, शाला की शिक्षिका भुनेश्वरी राठौर उपस्थित रहीं। इस अवसर पर नियमित रूप से स्कूल आने वाले तथा प्रतिभाशाली बच्चों शुभम, शिवांगी, सुहानी , आयुष, को पुरस्कृत किया गया। शासकीय स्कूल में पढ़ने वाले गरीब बच्चों के प्रतिभा को उभारने, बच्चों को नैतिक और सामान्य ज्ञान की शिक्षा देने, उनके बीच परीक्षा के डर को खत्म करने, स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना के विकास के लिए नूतनसिंह ठाकुर ने सभापति की पाठशाला मुहिम लगातार चल रहा है जिसमें जनप्रतिनिधियों को शासकीय स्कूलों से प्रत्यक्ष रूप से जोड़ने में मददगार साबित हो रहा है। जनप्रतिनिधियों को अपने बीच पाकर तथा पुरस्कार पाकर स्कूली बच्चों में खुशियां दुगना हो जाता है। चोरभट्ठी गांव में स्थित प्राथमिक शाला में मात्र दो कमरों में पांचवीं तक कक्षाएं संचालित है, अभावों के बीच भी वहां पढ़ने वाले बच्चों के सपने शहरी बच्चों से कम नहीं है। नूतनसिंह ठाकुर एवं पार्षद श्रीमती सम्मत कंवर ने एनटीपीसी के आश्रित गांव के प्राथमिक स्कूल में समस्याओं को दूर करने की मांग जिला प्रशासन और एनटीपीसी प्रबंधन से किया है।

निःस्वार्थ जनसेवा से साकार हो रहा नर सेवा, नारायण सेवा का भाव

कोरबा। कोरबा विधानसभा क्षेत्र की मितानिन दीदियों का सम्मान करते हुए उनके सेवाभाव और समर्पण के प्रति आभार व्यक्त किया जा रहा है। मितानिन दीदियां स्वास्थ्य सेवाओं को आमजन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। जरूरत और कठिनाई के समय लोगों की सहायता कर वे सही मायनों में मानव सेवा का कार्य करती हैं। उक्त बातें श्रम व उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने सीएसईबी स्थित निवास पर मितानिन दीदियों का सम्मान समारोह के दौरान कही। श्री देवांगन ने मितानिन दीदियों को पुष्पगुच्छ एवं उपहार भेंटकर सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि मितानिन दीदियां अपने सेवाभाव और समर्पण से नर सेवा को नारायण सेवा के रूप में साकार कर रही हैं। स्वास्थ्य सेवाओं के माध्यम से जरूरतमंदों की सहायता करना उनके मानवीय संवेदनशीलता और निःस्वार्थ सेवा का अनुपम उदाहरण है। महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आयोजित यह समारोह मितानिन दीदियों की मेहनत, संघर्ष और सेवाभाव के प्रति सम्मान व्यक्त करने का अवसर है। पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के कार्यकाल में मितानिन कार्यक्रम की शुरुआत हुई, जिसके बाद से दीदियां निरंतर निष्ठा और लगन के साथ जनसेवा में जुटी हुई हैं।

पृष्ठ 3 का शेष

एसईसीएल कर्मचारियों...

के दौरान किसी उपयुक्त निर्धारित शिफ्ट में तैनाती की अनुमति भी दी जा सकती है। हालांकि यह सुविधा स्वतः मिलने वाला अधिकार नहीं होगी, बल्कि संबंधित परिस्थितियों और प्रबंधन की स्वीकृति पर निर्भर करेगी। पार्ट-टाइम पाठ्यक्रम में प्रवेश लेने वाले कर्मचारियों को कोर्स शुरू होने के समय संबंधित शिक्षण संस्थान की आधिकारिक समय-सारणी की प्रमाणित प्रति प्रस्तुत करनी होगी। इसके बाद प्रत्येक सेमेस्टर के अंत में संस्थान की आधिकारिक उपस्थिति रिपोर्ट जमा करना अनिवार्य होगा। इसी रिपोर्ट के आधार पर आगे शिफ्ट समायोजन की सुविधा जारी रखने पर विचार किया जाएगा।

पंचमी आज, मंदिरों में दर्शनार्थियों की उमड़ेगी भीड़, मड़वारानी में प्रज्जवलित होंगे ज्योत कलश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

क्वांर नवरात्रि की पंचमी गुरुवार को पड़ रही है। इस अवसर पर मड़वारानी मंदिर में मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जवलित किए जाएंगे। वहीं दर्शनार्थियों की भीड़ भी मंदिरों में उमड़ेगी। सर्वमंगला में जहां भक्तों की कतार नजर आ रही है वहीं मड़वारानी, कोसगाई, चैतुरगढ़ और डंगनाई देवी का दर्शन करने भक्त पहाड़ों पर पहुंच रहे हैं।

अलग खबर

अंचल का मड़वारानी एक ऐसा मंदिर है जहां क्वांर नवरात्रि में पंचमी के दिन से मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जवलित होते हैं। वहीं कोसगाई देवी का मंदिर ऐसा मंदिर है जहां नवरात्रि के अवसर पर सफेद रंग का ध्वज चढ़ाया जाता है। नवरात्र पर्व पर वैसे तो दर्शनार्थियों की भीड़ पहले दिन से लगने लगती है लेकिन भक्तों की भीड़ का उमड़ना पंचमी से शुरु होता है जो लगातार दुर्गा नवमीं तक अनवरत जारी रहता है। पहले दिन से ही मंदिरों में भोग भंडारे आयोजित किए जाने लगी है। नवरात्र पर्व पर कोरबा में

सर्वमंगला मंदिर से लेकर कोसगाई, चैतुरगढ़ पहाड़ में चढ़ रहे माता के भक्त





और डांडिया करते श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बनता है, मानो श्रद्धालु मां भगवती की आराधना में पूरी तरह तल्लीन हो गए हों।

गरबा की अलग पहचान

शहर में आरएसएस नगर फेस 1, शिवाजी नगर, एमपी नगर, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी सहित अन्य कॉलोनी में भी गरबा विशेष आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। यहां गरबा की परंपरा में भक्ति, अनुशासन और सांस्कृतिक मर्यादा को विशेष महत्व दिया जाता है। आयोजन में समय का पालन और निर्धारित नियमों का ध्यान रखा जाता है। अनावश्यक आडंबर से दूर रहकर मां भगवती की आराधना को केंद्र में रखने का प्रयास इन आयोजनों को विशिष्ट पहचान प्रदान करता है। यहां गरबा केवल उत्सव नहीं, बल्कि सामूहिक आस्था और परंपरा को जीवंत बनाए रखने का माध्यम है।

माता रानी की भक्ति और गरबा की धूम मची हुई है। देवी दर्शन और पूजन के साथ पूरा शहर भक्तिमय माहौल में रंगा हुआ है। दुर्गा पंडालों में गूंजते भक्ति गीतों की धुन पर गरबा

कलेक्टर ने क्षतिग्रस्त मार्गों पर शीघ्र काम पूरा करने को कहा

आवागमन सुरक्षित और सुगम बनाने के लिए कलेक्टर ने किया सड़कों-पुलों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सड़क और पुल की स्थिति रोजमर्रा के आवागमन, सुरक्षा और समय पर गंतव्य तक पहुंचने से जुड़ी होती है। नागरिकों को असुविधा न हो और आवाजाही सुरक्षित बनी रहे, इस उद्देश्य से कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत ने आज शहर के प्रमुख मार्गों और पुलों का निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर पहुंचकर निर्माण और मरम्मत कार्यों की स्थिति देखी तथा संबंधित अधिकारियों को सुधार कार्य शीघ्र कराने के निर्देश दिए।

दर्री बैराज से राताखार बायपास मार्ग पर हसदेव नदी के पुल का निरीक्षण करते हुए कलेक्टर पुल पर पैदल चले और सड़क से बाहर निकली सरियों को देखा। उन्होंने इस स्थिति पर नाराजगी जताई और सेतु विभाग के अधिकारियों को सात दिन के भीतर पुल की आवश्यक मरम्मत पूरी कराने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि बारिश के बाद जिन पुलों पर सरियां बाहर निकली हों, उनका निरीक्षण कर समय रहते मरम्मत कराई जाए। लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को भी मार्ग की मरम्मत के निर्देश दिए गए। कलेक्टर श्री दुदावत ने दर्री बराज के पास और दर्री बैराज से राताखार बायपास मार्ग पर क्षतिग्रस्त हिस्सों का जायजा लिया। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता को सड़क की मरम्मत और बीटी कार्य सात दिन के भीतर पूरा कराने को कहा, ताकि इस मार्ग से गुजरने वाले लोगों को राहत मिल सके। उन्होंने रिसदी चौक से परसाभाठा-बजरंग चौक होते हुए रूमगरा और ध्यानचंद चौक-दर्री मार्ग का भी निरीक्षण किया। निर्माणाधीन सड़क की प्रगति देखते हुए उन्होंने कार्य में तेजी लाने और गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए। ध्यानचंद चौक से बालको के बजरंग चौक तथा रिसदा से रिसदी चौक तक लगभग 5.74 किलोमीटर लंबी टू-लेन सीसी सड़क के निर्माण के लिए डीएमएफ मद से लगभग 29 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। बजरंग चौक-परसाभाठा क्षेत्र में निर्माण के दौरान आम नागरिकों की आवाजाही बनी रहे, इसके लिए बेहतर डायवर्सन व्यवस्था करने को भी कहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि सड़क निर्माण में गुणवत्ता से समझौता स्वीकार नहीं होगा। कलेक्टर ने सीतामढ़ी चौक से इमलीडुग्गू गौमाता चौक तक प्रस्तावित फोरलेन सड़क तथा रेलवे स्टेशन रेलवे क्रॉसिंग से मानिकपुर मार्ग पर प्रस्तावित सड़क चौड़ीकरण एवं निर्माण कार्य का भी निरीक्षण किया। उन्होंने नगर निगम और लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को आवश्यक तैयारी कर कार्यों में प्रगति लाने के निर्देश दिए।



सड़क का निरीक्षण करते कलेक्टर व अन्य अधिकारी।

आईटीआई रामपुर में रिनोवेशन कार्य का हुआ निरीक्षण



आईटीआई रामपुर भवन में चल रहे रेनोवेशन कार्य का कलेक्टर ने निरीक्षण किया। उन्होंने कार्य की प्रगति का जायजा लेते हुए धीमी गति पर कड़ी नाराजगी जताई और संबंधित अधिकारियों तथा ठेकेदार को कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने टाइल्स लगाने, खिड़कियों की मरम्मत और अन्य आवश्यक मरम्मत कार्यों को गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूरा करने को कहा। उन्होंने वर्क ऑर्डर में निर्धारित तिथि के अनुसार कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता और एसडीओ को नियमित मॉनिटरिंग करने तथा ठेकेदार को निर्माण कार्य में अपेक्षित प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि तय समय-सीमा में कार्य पूरा नहीं होने पर संबंधितों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

कलेक्टर ने मेडिकल कॉलेज भवन निर्माण कार्य का किया निरीक्षण



कलेक्टर ने भुलसीडीह में निर्माणाधीन स्व बिसाहू दास महंत स्मृति मेडिकल कॉलेज भवन का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति, भवन की सुविधाओं और परिसर तक पहुंच मार्ग की स्थिति का जायजा लेकर संबंधित अधिकारियों एवं निर्माण एजेंसियों को आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर श्री दुदावत ने कार्य की धीमी गति पर नाराजगी जताते हुए ठेकेदार को मैनपावर बढ़ाकर काम में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूरा किया जाए, ताकि मेडिकल कॉलेज के विद्यार्थियों को यहां शिफ्ट कर पढ़ाई प्रारंभ कराई जा सके। उन्होंने नवंबर के अंतिम सप्ताह तक भवन में आवश्यक निर्माण कार्यों को पूरा कर भवन हैंडओवर करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने कॉमन रूम, डाइनिंग रूम और फर्नीचर फिटिंग सहित विभिन्न कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने इलेक्ट्रिकल कार्य के लिए अतिरिक्त टीम लगाकर काम तेजी से पूरा कराने तथा सीजीएमएससी के अधिकारियों को कार्यों का वर्क शेड्यूल तैयार करने के निर्देश दिए। हॉस्टल, डाइनिंग, एंट्रेंस और खेल सुविधाओं से जुड़े कार्य 15 दिसंबर तक पूर्ण करने को कहा।

अज्ञात हाइवा की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौत, दूसरा गंभीर रूप से घायल

कोरबा। बांकीमोंगरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम तेलसारा में एक दर्दनाक सड़क हादसा पेश आया है। निमंत्रण देकर लौट रहे दो युवकों की मोटरसाइकिल को एक अज्ञात हाइवा ने अपनी चपेट में ले लिया। इस भीषण हादसे में एक युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि दूसरे की हालत गंभीर बनी हुई है।

जानकारी के अनुसार, ग्राम तेलसारा बांकीमोंगरा निवासी राजा यादव 26 वर्ष पिता रुपन साय अपने एक अन्य साथी के साथ बालको थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम चुहिया में दशगात्र का निमंत्रण देने गए थे। काम पूरा करने के बाद जब वे दोनों मोटरसाइकिल से वापस अपने घर लौट रहे थे, तभी रुमगरा के समीप पीछे से आ रहे एक अज्ञात हाइवा ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मोटरसाइकिल पर सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को त्वरित उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल (कोरबा) में दाखिल कराया। अस्पताल में डॉक्टरों द्वारा इलाज शुरू किए जाने के कुछ देर बाद ही राजा यादव की गंभीर चोटों के कारण मौत हो गई। वहीं, उनके साथ मौजूद दूसरे साथी की हालत अभी भी गंभीर बताई जा रही है, जिसका इलाज जारी है। घटना के बाद अज्ञात हाइवा चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने इस मामले में अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर जांच शुरु कर दी है।

बाइक चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार, चोरी की मोटरसाइकिल बरामद



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

उरगा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले बंटी ढाबा के बाहर से मोटरसाइकिल चोरी करने के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की गई मोटरसाइकिल भी बरामद कर ली है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, गत 10 अक्टूबर को प्रार्थी की मोटरसाइकिल उरगा थाना क्षेत्र स्थित बंटी ढाबा के बाहर खड़ी हुई थी, जिसे अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लिया गया था। इस मामले की शिकायत मिलने पर उरगा थाना पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध पंजीकृत कर मामले की गंभीरता से जांच शुरू कर दी थी। मामले की जांच के दौरान पुलिस अधीक्षक के दिशा-निर्देशों के तहत पुलिस टीम लगातार सुराग तलाश रही थी। इसी बीच, थाना प्रभारी नवीन पटेल को मुखबिर से विशेष सूचना मिली। सूचना के आधार पर पुलिस ने घेराबंदी कर दो आरोपी जिनमें लक्ष्मणबंद तालाब निवासी रोहित सिंह राजपूत पिता कन्हैया सिंह उम्र 23 वर्ष, आकाश यादव पिता पुनीराम यादव उम्र 19 वर्ष को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया। जिन्होंने बाइक चोरी करना बताया। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर उनके कब्जे से चोरी की गई मोटरसाइकिल को सकुशल बरामद कर लिया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ विधिवत कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है और आगे की पूछताछ जारी है।

अलग-अलग मामलों में नाबालिग सहित कुल 4 आरोपी गिरफ्तार, भेजे गए जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोतवाली थाना क्षेत्र में अगल अलग मामलों में नाबालिक सहित 4 आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है। पहली घटना मोतीसागरपारा निवासी प्रवीण बरेठ को आरोपियों द्वारा एक राय होकर चाकू एवं ऑपरेशन ब्लेड से मारपीट कर हत्या करने की नीयत से हमला किया गया था। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 226/2026, धारा 109, 296, 351(3), 115(2), 191(3) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया था। मामले में आरोपी नानू यादव, चिंटू उर्फ सुनील एवं एक नाबालिग को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। फरार नाबालिग बालक को भी मुखबिर सूचना पर निरुद्ध कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। इसी तरह दूसरा मामला इमलीडुग्गू निवासी प्रार्थिया की रिपोर्ट पर उसकी नाबालिग पुत्री के साथ छेड़छाड़ के मामले में थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 796/2026, धारा 74, 296, 351(3), 3(5) बीएनएस एवं पॉक्सो एक्ट की धारा 8 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। विवेचना के दौरान आरोपी विकास नगर इमलीडुग्गू निवासी देवकुमार कुर्रे पिता अघोरी लाल कुर्रे उम्र 28 वर्ष, निवासी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया और तीसरा मामला तेजकुमार नागवंशी की रिपोर्ट पर बस स्टैंड जाने के दौरान चाकू दिखाकर मोबाइल एवं लगभग 20 हजार लूटने के मामले में अपराध क्रमांक 842/2026, धारा 309(6), 3(5) बीएनएस एवं धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। पूछताछ एवं साक्ष्यों के आधार पर नाबालिग बालक को निरुद्ध कर उससे घटना में प्रयुक्त हथियार लूटपाट के रकम जप्त कर विधिवत निरुद्ध करते हुए न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

हाई स्कूल में हुआ डिवाइन वर्कशाप

कोरबा। अखिल विश्व गायत्री परिवार युवा संगठन 'दिया' के तत्वावधान में चचिया हाई स्कूल में वेदमूर्ति, तपोनिष्ठ पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य के आदर्शों को विद्यार्थी जीवन में अपनाने के उद्देश्य से विशेष दिवाइन वर्कशॉप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को नैतिक शिक्षा, व्यक्तित्व निर्माण, गुरु साहित्य के अध्ययन, नारी जागरण एवं व्यसनमुक्त जीवन के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को शिक्षा और विद्या के विशेष समन्वय की जानकारी दी गई।

पड़ोसी राज्य से शराब की खेप लाकर खेत में लगाया था ठिकाना, पुलिस ने मारा छापा

कोरबा। शराब का अवैध कारोबार करने वाला एक ग्रामीण पड़ोसी राज्य से अंग्रेजी शराब की खेप लाकर उसे खपाने के लिए अपने खेत में छिपाकर रखा हुआ था। इस बीच पुलिस को इसकी भनक लगी और पुलिस की टीम ने खेत में छिपाये गये अंग्रेजी शराब की खेप को छापामार कर बरामद कर लिया है। आरोपी के कब्जे से 389 नग गोवा शराब जब्त किया है। पकड़े गए आरोपी के खिलाफ 34 (2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। कोरबी चौकी प्रभारी सुरेशी जोगी को मुखबीर से सूचना मिली थी कि ग्राम अलगाडाड घोसरा निवासी धनसाय ऊर्फ धन्नू बिंझवार पिता घूरसाय बिंझवार के द्वारा मध्यप्रदेश से शराब की खेप लाकर उसे अपने घर के समीप स्थित खेत में छिपाकर रखा है। सूचना मिलने पर चौकी प्रभारी सुरेश जोगी ने



अपने टीम के साथ आरोपी के खेत की तलाशी लेने पर खेत से 389 नाग अंग्रेजी शराब गोवा व्हिस्की 70.02 लीटर बरामद किया गया है जिसे गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

बस स्टैंड के दुर्गा पंडाल में झांकी कार्यक्रम संपन्न

हरदीबाजार। मां दुर्गा उत्सव समिति बस स्टैंड हरदीबाजार के द्वारा बस स्टैंड के दुर्गा पंडाल में नवरात्रि के पावन पर्व पर तीसरे दिन श्री राम जस झांकी समिति बिटकुला के द्वारा विशेष झांकी के रूप में शिव पार्वती विवाह, शबरी नरसिंह अवतार, कृष्ण सुदामा मित्रता एवं मां काली का रौद्र रुप की झांकी प्रस्तुत की गई। झांकी कार्यक्रम का श्रद्धालुओं ने काफी आनंद लिया व प्रशंसा की।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना



प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल
काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

न्यायालय तहसीलदार बरपाली, जिला-कोरबा (छ०ग०)
//राजस्व मामले में नोटिस//
कमांक/121/तह०/वाचक/2026
बरपाली, दिनांक 16/09/26

प्रति,
1. श्री भारत माँ राहीनबाई
2. श्री शत्रुहन माँ राहीनबाई
3. दरशबाई माँ राहीनबाई
सभी जाति धनवार निवास ग्राम नामालूम कास्तकारी ग्राम कनकी, तहसील बरपाली, जिला-कोरबा (छ.ग.)
4. कु. संध्या पिता सुखसिंह उम्र 22 वर्ष
5. रूपसिंह पिता स्व. लच्छीराम उम्र 36 वर्ष
6. धन्नूराम पिता स्व. लच्दीराम उम्र 31 वर्ष
7. दुरपति पिता स्व. रामनारायण उम्र 23 वर्ष
8. परदेशीराम माता रामीन बाई पिता बिसाहूराम उम्र 31 वर्ष
9. विदेशीराम माता रामीन बाई पिता बिसाहूराम उम्र 26 वर्ष
10. रामबाई पिता बिसाहूराम उम्र 36 वर्ष
सभी जाति धनुहार निवासी ग्राम गुमिया, तहसील बरपाली, जिला कोरबा (छ.ग.) सभी कास्तकारी ग्राम कनकी, तहसील बरपाली, जिला-कोरबा (छ.ग.)

इस न्यायालय के रा०प्र० क्रमांक /अ-6/2025-26, पक्षकर कु शांति पिता स्व. सुखसिंह एवं अन्य 11 सभी जाति धनुहार निवासी ग्राम गुमिया, तहसील बरपाली, जिला कोरबा (छ.ग.) विरूद्ध भारत मों राहीनबाई एवं अन्य 09 सभी जाति धनुहार, कास्तकारी ग्राम कनकी, तहसील बरपाली, जिला कोरबा (छ.ग.) में आवेदिका कु शांति पिता स्व. सुखसिंह, एवं अन्य 11 समी जाति धनुहार, निवसी ग्राम गुमिया तहसील बरपाली, जिला कोरबा (छ.ग) द्वारा ग्राम कनकी प.ह.नं. 03 स्थित भूमि ख.नं. 12/5, 12/8. 12/9, 24/4, 52, 60/1 रकबा कमशः 0.223, 0.061. 0.567, 0.219, 0 121, 0.162 कुल ख.न. 06 कुल रकबा 1.353/3.34 ए. भूमि अनावेदकगण के नाम पर दर्ज भूमि पर माननीय न्यायालय श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कोरबा (छ.ग.) के अ.प्र.क. 202407050100109/अ-6/2023-24 में पक्षकार कु. संध्या वगै. वि. भारत वगै. में पारित आदेश दिनांक 24/12/2025 के परिपालन में राजस्व अभिलेख करते हुए वर्तमान खातेदार अनावेदकगण भारत, शत्रुहन, दरशबाई मों राहीनबाई जाति धनुहार के नाम को विलोपित करते हुये उक्त भूमि के पूर्व खातेदार बिसाहू पिता कार्तिकराम जाति धनुहार का नाम दर्ज किये जाने बाबत आवेदन पत्र मय दस्तावेज इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। जिसकी न्यायालय में सुनवाई दिनांक 23.10.2026 को नियत है।

अतः आपको सूचित किया जाता है कि उपरोक्त मामले की सुनवाई की तारीख 23.10.2026 को दिन के 11.00 बजे न्यायालय तहसीलदार बरपाली, जिला कोरबा में होगी। नियत समयावधि को उपस्थित नहीं होने पर आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।आज दिनांक 16.09.2026 को इस न्यायालय की मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

तहसीलदार
बरपाली
जिला कोरबा (छ.ग.)